
शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# आदर्श भारतीय महिलाएँ



## संकलन

## काव्य मंजरी टीम

मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 01

## इन्दिरा गाँधी



नेहरू जी के खानदान में जन्मी थीं इन्दिरा गाँधी,
पुत्र उनके संजय गाँधी और थे राजीव गाँधी।
भारत देश को विकास के पथ पर था मोड़ा,
विश्व राजनीति के क्षितिज पर प्रभाव छोड़ा।।

19 नवम्बर उनका जन्मदिवस मनाते हैं,
शांति-प्रेम-भाईचारे का दीप जलाते हैं।
पहली महिला प्रधानमन्त्री थीं वो अपने देश की,
उनके सम्मान में हम सब शीश झुकाते हैं।।

'इन्दिरा प्रियदर्शनी' के नाम से जानी जाती हैं,
'लौह महिला' के नाम से पहचानी जाती हैं।
भारत रत्न से उनको किया गया है सम्मानित,
देश की सबसे लोकप्रिय महिला मानी जाती हैं।।



रचना- पूनम गुप्ता"कलिका"
(स०अ०) प्रा० वि० धनीपुर
धनीपुर, अलीगढ़



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद





# आदर्श भारतीय महिलाएँ 02

## कल्पना चावला



सत्रह मार्च उन्नीस सौ इकसठ,
जगह रही करनाल।
जन्मी जहाँ कल्पना चावला,
बन गयी एक मिसाल।।

अन्तरिक्ष में जाने वाली,
पहली महिला थीं भारतीय।
कोलम्बिया के यात्रीदल में,
सात जनों में वो अद्वितीय।।

नासा दल के साथ शटल में,
अन्तरिक्ष में भरी उड़ान।
हुई एक भीषण दुर्घटना,
गिरा टूट कोलम्बिया विमान।।

अमेरिका के टेक्सास शहर पर,
बिखरे थे सारे अवशेष।
बनकर एक सितारा जगमग,
हुई लुप्त कल्पना विशेष।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।




रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू० मा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर





Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 03

### कैप्टन लक्ष्मी सहगल



स्वतन्त्रता संग्राम को उसकी,
परिणति तक पहुँचाया था।
नेता जी से प्रेरित होकर,
सेनानी का फर्ज निभाया था।।

24 अक्टूबर 1914 को जन्मी,
मद्रास के एक सम्मानित परिवार।
स्वामीनाथन-अम्मूकुटी की बेटी,
लक्ष्मी सहगल बनी डॉक्टर।।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान,
घायल युद्ध बन्दियों की सहायता की।
1943 में आजाद हिन्द फौज में,
कैप्टन बनी महिला रेजीमेंट की।।

कर्नल प्रेम सहगल से विवाह कर,
कानपुर को निवास स्थान बनाया।
1971 में राज्यसभा सदस्य बन,
2012 में यह जग बिसराया।।




सीमा मिश्रा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर




Scanned with Cam



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद





# आदर्श भारतीय महिलाएँ 04

## सुचेता कृपलानी

भारत की पहली महिला मुख्यमन्त्री सुचेता कृपलानी,
राजनीतिज्ञ, समाजसेवी व स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी।
उत्तर प्रदेश की चौथी मुख्यमन्त्री सुचेता कृपलानी,
पति कुशल राजनीतिज्ञ आचार्य जे बी कृपलानी।।
जन्मी 25 जून 1908 को अम्बाला पंजाब में,
सम्पन्न बंगाली ब्राह्मण परिवार में।
इतिहास विषय में ली उच्च शिक्षा,
बनीं बी एच यू में इतिहास की प्राध्यापिका।।



1940 में बखूबी स्थापना की,
अखिल भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की।
निभायी सक्रिय भूमिका 1942 में,
अंग्रेजों के भारत छोड़ो आंदोलन में।।
सदस्य बनीं संविधान सभा की 1946 में,
प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र महासभा की 1949 में।
जीता विधानसभा चुनाव कानपुर से 1962 में,
बनीं उत्तर प्रदेश की मुख्यमन्त्री 1963 में।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा०वि०टिकरी-मनौटी, खजुहा,फतेहपुर

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। 9458278429

Scanned with Can

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 05

## लता मंगेशकर

स्वर कोकिला भारत की,
सुर सम्राज्ञी सबके हृदयों की।
लोकप्रिय गायिका भारत की,
छवि पायी है पार्श्व गायिका की।।




अपनी आवाज से सजाया जिस गीत को,
उसने भी सराहा अपने भाग्य को।
सबके मन को रमाया सुरीली आवाज से,
गीत गाया 30 से ज्यादा भाषाओं में।।



जन्म लिया जब 28 सितम्बर 1929 को,
धन्य हुआ भारत पाकर ऐसी बेटी को।
मध्यप्रदेश के इन्दौर में जन्मी लता मंगेशकर,
नाम पिता का दीनानाथ मंगेशकर।।

पुरस्कार भी खुद को इनके आगे छोटा पाया,
पद्म भूषण, पद्म विभूषण, भारत रत्न है पाया।
फिल्म फेयर अवार्ड से भी सम्मानित हुई,
फिल्म राष्ट्रीय पुरस्कार से गौरवान्वित हुई।।



रचना प्रतिमा उमराव
उच्च प्रा०वि०अमौली(1-8)
अमौली, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं।

9458278429



# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 06

### सुनीता विलियम्स



भारतीय मूल के डा० दीपक पांड्या,
व पत्नी बानी जालोकर के घर में।
19 सितम्बर 1965 अमेरिका में,
सुनीता का जन्म हुआ।।

नाम रखा सुनीता लिन पांड्या,
मैसाचुसेट्स से हाईस्कूल पास किया।
1987 में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका जाकर,
नौसैनिक से वी एस की उपाधि प्राप्त किया।।

1995 में फ्लोरिडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से,
इंजीनियरिंग मैनेजमेंट में एम एस किया।
फिर जून 1998 में अमेरिका अंतरिक्ष,
एजेन्सी नासा में इनका चयन हुआ।।

2008 से भारत सरकार से,
सुनीता को पद्म भूषण प्राप्त हुआ।
भारतीय मूल की दूसरी महिला अंतरिक्ष यात्री ने,
सारे संसार में भारत का नाम रोशन किया।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना - शिप्रा सिंह (स०अ०)
उ० प्र० वि० रूसिया(1-8)
अमौली, फतेहपुर



Scanned with Ca



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 07

## मैरी कॉम



बाक्सिंग हस्ती भारत की,
मणिपुर की वह बाला है।
मध्यम वर्ग में जन्मी जो,
लायी घर में उजाला है।।

बचपन से बाक्सिंग प्रिय था,
जीत पे जीत मिली उनको।
दिखलाया, बतलाया घर को,
फिर समझाया था ये सबको।।

देश-विदेश तक नाम हुआ,
कितने पुरस्कार हैं नाम हुए।
भारत की वह नारी महान,
जिसने पाए मुकाम नये।।

वह प्रेरक हैं हम सबकी भी,
नाम अमर मैरी काम रहेगा।
आगत का हर पल सबसे,
उनकी गाथा सदा कहेगा।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना
सतीश चन्द्र (प्र०अ०)
क० वि० अकबापुर
पहला, सीतापुर



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण


# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 08

### अहिल्याबाई होल्कर




मालवा की सामाग्री अहिल्या,
होलकर कुल की वधु बनी।
खाँडेराव की पत्नी थी वह,
न्याय की प्रतिमूर्ति बनी।।

जीवन कष्टमय बीता उनका,
पर हिम्मत से डटी रही।
मन्दिर, मार्ग, कुआ, बावड़ियाँ,
बनवाती वो सदा रही।।

जनता देवी कहती उनको,
सदा दुखियों संग खड़ी रहीं।
तोड़ अंधविश्वास की बेड़ी को,
दृढ़ता से वो समक्ष रही।।



मानवता और प्रजा संरक्षक,
नैतिक आचरण, विलक्षण प्रतिभा।
मातृभूमि की सच्ची साधक,
रहा सादा जीवन, उत्कृष्ट विचार।।

रचना - डॉक्टर नीतू शुक्ला( प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल,बेथर 1
सिकन्दरपुर कर्ण - उन्नाव





शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद



## आदर्श भारतीय महिलाएँ 09

## प्रतिभा देवी सिंह पाटिल



भारत की बारहवीं राष्ट्रपति,
बनीं प्रतिभा देवी सिंह पाटिल।
साठ साल के लम्बे इतिहास में,
पहली राष्ट्रपति बन पायी मंजिल।।

27 साल में आप राजनीति में आयीं,
पाँच बार महाराष्ट्र विधान सभा में छायीं।
अनेक विभाग आपने थे सम्भाले,
अनगिनत अच्छे काम भी कर डाले।।

कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास,
जलगाँव में बनाया था श्रम साधना न्यास।
जीवन था सादा और थे उच्च विचार,
समाज का उत्थान, और देश से प्यार।।

मैक्सिको का सर्वोच्च पुरस्कार पाया,
दुनिया में अपना परचम था लहराया।
महिला उत्थान में थी आपकी लगन,
ऐसी महान विभूति को हमारा नमन।।



रचना
भुवन प्रकाश (इं०प्र०अ०)
प्रा० वि० पिपरी नवीन
मिश्रिख, सीतापुर



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद





# आदर्श भारतीय महिलाएँ 10

## चन्दा कोचर



सीधी, सरल, सुशिक्षित नारी।
चन्दा कोचर बहन हमारी।।
प्रेरित करती हर महिला को।
संघर्षों की सफल कहानी ।।

17 नवम्बर को जन्मी थी,
खुशियाँ आयीं जोधपुर।
पढ़ने-लिखने, आगे बढ़ने।
गयी मुम्बई शोधकर।।

संघर्षों की काली रात भी,
पहुँची उनको ढूँढ कर।
13 वर्ष में पिता को खोकर,
रोयी मन में फूटकर।।

पर हिम्मत वह कभी न हारी,
रखा अपना सफर भी जारी।
बदला समय बनी वो एम० डी०,
बनी सी० ई० ओ० अधिकारी।।



रचना
सुनीता यादव (प्र०अ०)
प्रा० वि० फत्तेपुर मीराबेहड़
हरगाँव, सीतापुर



Scanned with Cam



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद





# आदर्श भारतीय महिलाएँ 11

## सानिया मिर्जा

खेल जगत का चमकता सितारा,
भारत में सभी को प्यारा।
टेनिस की वह है शान,
सानिया मिर्जा है उसका नाम।।



15 नवम्बर को हैदराबाद में जन्म लिया,
पिता इमरान, माँ नसीमा को धन्य किया।
2009 में ग्रैंड स्लेम जीत लिया,
भारत का मान बढा दिया।।

2003 वर्ष बना उसका खास,
जब उनका सफल हुआ प्रयास।
विम्बलडन में डबल्स में जीत की हासिल,
2005 में अर्जुन पुरस्कार से हुई सम्मानित।।

हमेशा देश का मान बढ़ाया,
तेलंगाना राज्य ने अपना ब्रांड अम्बेसडर बनाया।
अंतरराष्ट्रीय टेनिस में स्थान है उनका पाँचवां,
कभी न रुके उनकी सफलता का कारवां।।



रचना- इला सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० पनेरूवा
अमौली, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 12

# पी. टी. ऊषा



27 जून 1964 को केरल राज्य में,
एक प्यारी सी बेटी जन्मी।
पी० टी० ऊषा नाम है जिसका,
बचपन से ही प्रतिभा की धनी।।

पी० टी० ऊषा भारतीय धावकों में,
एक जगमगाता हुआ सितारा है।
इन्हें पय्योली एक्सप्रेस और उडनपरी,
के नाम से भी जाना जाता है।।

अब तक 101 अंतरराष्ट्रीय पदक जीतकर,
अपने देश का नाम रोशन कर चुकी हैं।
एक ही प्रतियोगिता मे सर्वाधिक पाँच पदक,
जीतने वाली पहली महिला बनी है।।

इनकी आत्मकथा गोल्डन गर्ल के,
नाम से प्रकाशित हो चुकी है।
पी० टी० ऊषा आने वाली धावक,
लडकियों के लिए मिसाल कायम कर रही हैं

रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद





# आदर्श भारतीय महिलाएँ 13

## सावित्रीबाई फुले



भारत देश की प्रथम महिला शिक्षिका,
कवयित्री सावित्रीबाई फूले थीं।
महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगाँव में,
3 जनवरी 1831 में यह जन्मी थीं।।

9 वर्षों की बाल्य अवस्था में ही,
ज्योति राव फूले संग विवाह हुआ।
पुणे मे बडी आत्मनिर्भरता के साथ,
18 बालिका विद्यालयों का निर्माण किया।।

जाती थीं जब कन्याओं को पढाने,
लोगों ने कीचड, गोबर फेंक हतोत्साहित किया।
उनके शैक्षणिक कार्यों से प्रसन्न होकर,
ब्रिटिश सरकार ने उन्हें सम्मान दिया।।

विधवा हत्या, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह,
जैसी प्रथाओं का विरोध किया।
प्लेग के मरीजों की निस्वार्थ सेवा कर,
10 मार्च 1897 में जीवन त्याग दिया।।

**रचना- नीलम भास्कर (स०अ०)**
**उ० प्रा० वि० सिसाना (1-8)**
**बागपत, बागपत**

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान





Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 14

## किरन बेदी





09 जून 1949 अमृतसर में,
एक बेटी ने जन्म लिया।
पिता प्रकाशचन्द्र माँ प्रेमलता ने,
उसे किरण बेदी नाम दिया।।

भारतीय पुलिस सेवा में बनकर,
पहली महिला अधिकारी आयी थी।
राष्ट्रीय जूनियर टेनिस में भी,
चैम्पियन बन ख्याति पायी थी।।

चौंतीस वर्ष की सेवा करके,
स्वैच्छिक सेवनिवृत्ति पायी।
सामजिक सेवा करने हेतु,
राजनेता बन आगे आयी।।

शौर्य पुरस्कार, रेमन मैगसेसे आदि,
अनेक पुरस्कार किरण बेदी ने पाये हैं।
कई अन्तरराष्ट्रीय पुरस्कार भी,
उन्होंने अपने नाम लिखाये हैं।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



Scanned with Ca



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 15

# हिमा दास:ढिंग एक्सप्रेस

प्रसिद्ध "ढिंग एक्सप्रेस"हिमा दास ने,
9 जनवरी 2000 को जन्म लिया।
आसाम के नगांव में जन्म ले,
भारत भूमि को धन्य किया।।



आसाम के खेतों में चावल के,
ऐसी गति से दौड़ीं दास हिमा।।
अद्भुत प्रतिभा देख कोच ने,
एथलेटिक्स का मशविरा दिया।।

एथलीट बन हिमा दास ने,
सौ मीटर स्टेट मीट जीत लिया।
जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में,
कांस्य पदक पहला प्राप्त किया।।

100-200-400 मीटर स्प्रिंट में,
अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन किया।
अनेक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर में,
गोल्ड मेडल भारत को जीत के दिया।।



रचना
सुप्रिया सिंह (स० अ०)
संविलित विद्यालय बनियामऊ
मछरेहटा, सीतापुर



Scanned with Ca



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद



# आदर्श भारतीय महिलाएँ 16

## मदर टेरेसा



ममता व त्याग की मूरत मदर टेरेसा,
अब तक विश्व में कोई नहीं हुआ उनके जैसा।
26 अगस्त 1910 में अवतरित होकर,
सम्पूर्ण मानव जाति की सेवा में जुट गयी।।

18 वर्ष की आयु में कोलकाता आकर,
मिशनरी ऑफ चैरिटी की नींव रखी।
पूरे मन से भारत की नागरिक बनीं,
एक महिला एक मिशन की अद्भुत मिसाल बनीं।।

करीब 125 देशों में बेघरों को आश्रयघर दिये,
निर्मल हृदय व निर्मला शिशु भवन के नाम दिये।
आजीवन गरीबों व कुष्ठ रोगियों की सेवा कर,
सभी को माँ का प्यार दिया एक नन बनकर।।

पद्म श्री, भारत रत्न, नोबल पुरस्कार,
व एक संत की उपाधि का भी सम्मान इन्हे मिला।
मानवजाति की अद्भुत सेवा करने वाली माँ ने,
5 सितम्बर 1997 को दुनिया को अलविदा कहा।।



**रचना- रीना कुमारी (स०अ०)**
**उ० प्रा० वि० सिसाना (1-8)**
**बागपत, बागपत**

मिशन शिक्षण संवाद — शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान



Scanned with Cam



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 17

## सरोजनी नायडू



13 फरवरी 1879 को,
हैदराबाद में जन्मी थी।
पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय,
माँ प्रसिद्ध कवयित्री थी।।

13 वर्ष की आयु में ही,
1300 लिख डाली पंक्तियाँ।
अत्यन्त मधुर स्वर वाली,
कहलायी नाइटेंगल ऑफ इण्डिया।।

मात्र 14 वर्ष की उम्र में,
अंग्रेजी रचनाओं को जाना।
एक कुशल राजनेता थी,
पहली महिला राज्यपाल इनको माना।।

विनोदी स्वभाव था इनका,
गाँधीजी की थी अनुयायी।
गाँधीजी के लघु दरबार में,
विदूषक यह कहलायी।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।




रचना
हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 18

## मेधा पाटकर



मुम्बई जैसे बड़े शहर में,
जन्मी थी मेधा पाटकर।
माता इनकी इन्दु खानोलकर,
पिता थे बसन्त खानोलकर।।

नर्मदा बचाओ आन्दोलन में,
पाटकर का था गहरा हाथ।
समाज सेविका बन कर के,
नित लोगों का देती साथ।।

पी० एच० डी० की पढ़ाई छोड़ दी,
अन्याय के खिलाफ लड़ी डटकर।
मुआवजा दिलाया किसानों को,
न बनने दिया बाँध सरदार सरोवर।।

नर्मदा बचाओ आन्दोलन का,
संस्थापक भी इन्हें कहा जाता।
नर्मदा घाटी की आवाज के रूप में,
मेधा पाटकर को जाना जाता।।

**रचना- मन्जू शर्मा (स०अ०)**
**प्रा० वि० नगला जगराम**
**सादाबाद, हाथरस**



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# मिशन शिक्षण संवाद





## आदर्श भारतीय महिलाएँ 19

### अरुन्धति राय



24 नवम्बर सन 1961 में,
अरुन्धति राय ने जन्म लिया।
अंग्रेजी की मशहूर लेखिका,
कुछ फिल्मों में भी काम किया।।

द गॉड ऑफ स्माल थिंग्स
का बेहतरीन सृजन किया।
बुकर पुरस्कार से सम्मानित,
समाजसेवी रुप को भी मनन किया।।

विचारों से क्रान्तिकारी जीवन,
समसामयिक बातों पर प्रतिकार किया।
न्यायपालिका की अवमानना की,
पर अहिंसा को न स्वीकार किया।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना- सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० रुद्रपुर
खजनी, गोरखपुर



Scanned with Cam



# मिशन शिक्षण संवाद






## आदर्श भारतीय महिलाएँ 20

# रानी लक्ष्मीबाई

19 नवम्बर 1835 को उत्तर प्रदेश के काशी में जन्मी,
पिता मोरोपन्त माता भागीरथी बाई थी इनकी।
मणिकर्णिका और मनु के नाम से भी जानी जाती,
गंगाधर राव से विवाह के बाद कहलाई झांसी की रानी।।



युद्ध कला में निपुण घुड़सवार का शौक था इनको,
स्वतंत्रता सेनानियो में नाम गिना जाता है इनका।
महिलाओं के लिए आदर्श व गर्व प्रतिमा वाली,
भारतीय धरा की गौरव थी झांसी की रानी।।

राष्ट्रीय अस्मिता व जन्मभूमि पर मरना,
क्रांति की ज्वाला को सुलगाना काम था इनका।
भारत स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाली,
वीरता की श्रेणी में सबसे ऊपर थी ये रानी।

आज भी भारतवासियों की जुबां पर नाम हैं इनका,
दुश्मनों के छक्के छुड़ाना काम था इनका।
18 जून 1858 को वीरगति को प्राप्त होने वाली,
प्रथम स्वाधीनता संग्राम की महानायिका थी झांसी की रानी।।

रचना - पिंकी देवी (स.अ.)
उ. प्रा. वि. सिसाना
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान





Scanned with Cam

शिक्षा का उत्थान शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# आदर्श भारतीय महिलाएँ

## रचनाकारों की सूची

| | |
|---|---|
| 01- पूनम गुप्ता, अलीगढ़ | 11- इला सिंह, फतेहपुर |
| 02- शिखा वर्मा, सीतापुर | 12- ज्योति सागर, बागपत |
| 03- सीमा मिश्रा, फतेहपुर | 13- नीलम भास्कर, बागपत |
| 04- सुमन पांडेय, फतेहपुर | 14- शहनाज़ बानो, चित्रकूट |
| 05- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर | 15- सुप्रिया सिंह, सीतापुर |
| 06- शिप्रा सिंह, फतेहपुर | 16- रीना कुमारी, बागपत |
| 07- सतीश चन्द्र, फतेहपुर | 17- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़ |
| 08- डॉ० नीतू शुक्ला, उन्नाव | 18- मन्जू शर्मा, हाथरस |
| 09- भुवन प्रकाश, सीतापुर | 19- सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर |
| 10- सुनीता यादव, सीतापुर | 20- पिंकी देवी, बागपत |

***तकनीकी सहयोग***

जितेन्द्र कुमार, बागपत

आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद

मार्गदर्शन:-राजकुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with Cam